Edit with WPS Office

# St. Lawrence High School

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

Hindi Study Material (8)

Class- 11 पाठ –उपसर्ग (भाग-1) Date:25/07/2020

---

**उपसर्ग** वह शब्दांश या अव्वय है, जो किसी शब्द के पहले लगकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है।
दूसरे शब्दों में- उपसर्ग वह शब्दांश या अव्वय है, जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसके अर्थ में (मूल शब्द के अर्थ में) विशेषता ला दे या उसका अर्थ ही बदल दे। वे 'उपसर्ग' कहलाते है।
जैसे- प्रसिद्ध, अभिमान, विनाश, उपकार।
इनमें क्रमशः 'प्र', 'अभि', 'वि' और 'उप' उपसर्ग है।

**<u>उपसर्ग की विशेषता</u>**
उपसर्ग की विशेषताएँ होती हैं-
1) शब्द के अर्थ में नई विशेषता लाना।
जैसे- प्र+ बल= प्रबल।
2) शब्द के अर्थ को उलट देना।
जैसे- अ+ सत्य = असत्य।
3) शब्द के अर्थ में कोई खास परिवर्तन न करके मूलार्थ के इर्द-गिर्द अर्थ प्रदान करना।
जैसे- वि+ शुद्ध= विशुद्ध।

**<u>उपसर्ग की संख्या</u>**
हिंदी में प्रचलित उपसर्गो को निम्नलिखित भागो में विभाजित किया जा सकता है-
(1) संस्कृत के उपसर्ग
(2) हिंदी के उपसर्ग
(3) उर्दू के उपसर्ग
(4) अंग्रेजी के उपसर्ग
(5) उपसर्गवत् अव्यय, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण

**(1) संस्कृत के उपसर्ग**

| **उपसर्ग** | **अर्थ** | **उपसर्ग से बने शब्द** |
|---|---|---|
| अति | अधिक, ऊपर, उस पार | अतिकाल, अत्याचार, अतिकर्मण, अतिरिक्त, अतिशय, अत्यन्त, अत्युक्ति, अतिक्रमण, इत्यादि । |
| अधि | ऊपर, श्रेष्ठ | अधिकरण, अधिकार, अधिराज, अध्यात्म, अध्यक्ष, अधिपति इत्यादि। |
| अप | बुरा, अभाव, हीनता, विरुद्ध | अपकार, अपमान, अपशब्द, अपराध, अपहरण, अपकीर्ति, अपप्रयोग, अपव्यय, अपवाद इत्यादि। |
| अ | अभाव | अज्ञान, अधर्म, अस्वीकार इत्यादि। |
| अनु | पीछे, समानता, क्रम, पश्र्चात | अनुशासन, अनुज, अनुपात, अनुवाद, अनुचर, अनुकरण, अनुरूप, अनुस्वार, अनुशीलन इत्यादि। |
| आ | ओर, सीमा, समेत, कमी, विपरीत | आकाश, आदान, आजीवन, आगमन, आरम्भ, आचरण, आमुख, आकर्षण, आरोहण इत्यादि। |

Edit with WPS Office

| | | |
|---|---|---|
| अव | हीनता, अनादर, पतन | अवगत, अवलोकन, अवनत, अवस्था, अवसान, अवज्ञा, अवरोहण, अवतार, अवनति, अवशेष, इत्यादि। |
| उप | निकटता, सदृश, गौण, सहायक, हीनता | उपकार, उपकूल, उपनिवेश, उपदेश, उपस्थिति, उपवन, उपनाम, उपासना, उपभेद इत्यादि। |
| नि | भीतर, नीचे, अतिरिक्त | निदर्शन, निपात, नियुक्त, निवास, निरूपण, निवारण, निम्र, निषेध, निरोध, निदान, निबन्ध इत्यादि। |
| निर् | बाहर, निषेध, रहित | निर्वास, निराकरण, निर्भय, निरपराध, निर्वाह, निर्दोष, निर्जीव, निरोग, निर्मल इत्यादि। |
| परा | उलटा, अनादर, नाश | पराजय, पराक्रम, पराभव, परामर्श, पराभूत इत्यादि। |
| परि | आसपास, चारों ओर, पूर्ण | परिक्रमा, परिजन, परिणाम, परिधि, परिपूर्ण इत्यादि। |
| प्र | अधिक, आगे, ऊपर, यश | प्रकाश, प्रख्यात, प्रचार, प्रबल, प्रभु, प्रयोग, प्रगति, प्रसार, प्रयास इत्यादि। |
| प्रति | विरोध, बराबरी, प्रत्येक, परिवर्तन | प्रतिक्षण, प्रतिनिधि, प्रतिकार, प्रत्येक, प्रतिदान, प्रतिकूल, प्रत्यक्ष इत्यादि। |
| वि | भिन्नता, हीनता, असमानता, विशेषता | विकास, विज्ञान, विदेश, विधवा, विवाद, विशेष, विस्मरण, विराम, वियोग, विभाग, विकार, विमुख, विनय, विनाश इत्यादि। |
| सम् | पूर्णता, संयोग | संकल्प, संग्रह, सन्तोष, संन्यास, संयोग, संस्कार, संरक्षण, संहार, सम्मेलन, संस्कृत, सम्मुख, संग्राम इत्यादि। |
| सु | सुखी, अच्छा भाव, सहज, सुन्दर | सुकृत, सुगम, सुलभ, सुदूर, स्वागत, सुयश, सुभाषित, सुवास, सुजन इत्यादि। |
| अध | आधे के अर्थ में | अधजला, अधपका, अधखिला, अधमरा, अधसेरा इत्यादि। |
| अ-अन | निषेध के अर्थ में | अमोल, अपढ़, अजान, अथाह, अलग, अनमोल, अनजान इत्यादि। |
| उन | एक कम | उन्नीस, उनतीस, उनचास, उनसठ, उनहत्तर इत्यादि। |
| औ | हीनता, निषेध | औगुन, औघट, औसर, औढर इत्यादि। |
| दु | बुरा, हीन | दुकाल, दुबला इत्यादि। |

Edit with WPS Office

| | | |
|---|---|---|
| नि | निषेध, अभाव, विशेष | निकम्मा, निखरा, निडर, निहत्था, निगोड़ा इत्यादि। |
| बिन | निषेध | बिनजाना, बिनब्याहा, बिनबोया, बिनदेखा, बिनखाया, बिनचखा, बिनकाम इत्यादि। |
| भर | पूरा, ठीक | भरपेट, भरसक, भरपूर, भरदिन इत्यादि। |
| कु-क | बुराई, हीनता | कुखेत, कुपात्र, कुकाठ, कपूत, कुढंग इत्यादि। |

**(2)हिंदी के उपसर्ग**

| **उपसर्ग** | **अर्थ** | **उपसर्ग से बने शब्द** |
|---|---|---|
| अन | निषेध अर्थ में | अनमोल, अलग, अनजान, अनकहा, अनदेखा इत्यादि। |
| अध् | आधे अर्थ में | अधजला, अधखिला, अधपका, अधकचरा, अधकच्चा, अधमरा इत्यादि। |
| उन | एक कम | उनतीस, उनचास, उनसठ, इत्यादि। |
| भर | पूरा ,ठीक | भरपेट, भरपूर, भरदिन इत्यादि। |
| दु | बुरा, हीन, विशेष | दुबला, दुर्जन, दुर्बल, दुकाल इत्यादि। |
| नि | आभाव, विशेष | निगोड़ा, निडर, निकम्मा इत्यादि। |
| अ | अभाव, निषेध | अछूता, अथाह, अटल |
| क | बुरा, हीन | कपूत, कचोट |
| कु | बुरा | कुचाल, कुचैला, कुचक्र |
| अव | हीन, निषेध | औगुन, औघर, औसर, औसान |
| भर | पूरा | भरपेट, भरपूर, भरसक, भरमार |
| सु | अच्छा | सुडौल, सुजान, सुघड़, सुफल |
| पर | दूसरा, बाद का | परलोक, परोपकार, परसर्ग, परहित |

Edit with WPS Office

| | | |
|---|---|---|
| बिन | बिना, निषेध | बिनब्याहा, बिनबादल, बिनपाए, बिनजाने |

Teacher's Name - Riya Saha